पाठ्यक्रम

हिन्दी (ऐच्छिक)

बी० ए० (जनरल) द्वितीय वर्ष (P.U.)

सेमेस्टर—3

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 90 + 10 = 100

1. तरंगिणी– मनोहर लाल आनन्द, पंजाब यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन ब्यूरो, चण्डीगढ़।

   निम्नलिखित कवि पाठ्यक्रम में निर्धारित हैं :-
   मैथिलीशरण गुप्त, जयशंकर प्रसाद, सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला, सुमित्रानन्दन पंत।

   (क) 5-5 अंकों की दो सन्दर्भ-सहित-व्याख्याएं करनी होंगी। कुल चार व्याख्याएं पूछी जाएंगी। अंक : 10

   (ख) कवि-परिचय, सार और उद्देश्य सम्बन्धी कुल दो प्रश्न पूछे जायेंगे। 8 अंकों का एक ही प्रश्न करना होगा। प्रत्येक उत्तर की शब्द सीमा 200 होगी। अंक : 8

2. एक सत्य हरिश्चंद्र—डॉ-लक्ष्मी नारायण लाल, राजपाल एण्ड सन्ज, नई दिल्ली।

   (क) सन्दर्भ सहित व्याख्या के लिये दो प्रश्न पूछे जायेंगे, उत्तर एक का ही देना होगा। अंक : 5

   (ख) पात्रों के चरित्र चित्रण, तत्वों के आधार पर नाटक की समीक्षा तथा समस्या सम्बन्धी दो प्रश्न पूछे जायेंगे। आठ अंकों का एक ही प्रश्न करना होगा (शब्द सीमा-200) अंक : 8

3. इस खण्ड में तीन-तीन अंकों के 3 लघु-उत्तरापेक्षी प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। कुल 6 प्रश्न पूछे जायेंगे। ये प्रश्न इस पत्र के पूर्वोक्त दो खण्डों (तरंगिणी और एक सत्य हरिश्चंद्र) पर आधारित होंगे। (शब्द-सीमा 50) अंक : 9

4. हिन्दी-साहित्य का इतिहास-रीतिकाल (केवल काव्य खण्ड)

   रीतिकाल की परिस्थितियां, नामकरण, सीमा-निर्धारण, प्रवृत्तियां, रीतिबद्ध और रीति मुक्त काव्य की प्रमुख विशेषताएं, रीति काव्य के प्रमुख कवि-केशव, बिहारी, घनानंद के सम्बन्ध में 8 अंकों का एक प्रश्न करना होगा। कुल दो प्रश्न पूछे जायेंगे। (शब्द सीमा 200-250) अंक : 8

5. वस्तुनिष्ठ प्रश्न :

   इस पत्र के पूर्वोक्त तीनों खंडों के आधार पर 1-1 अंक के दस वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। कुल पन्द्रह प्रश्न पूछे जायेंगे। अंक : 10

6. समीक्षा सिद्धान्त : केवल नाटक अंक : 7

   परिभाषा, तत्व और वर्गीकरण पर आधारित नाटक से संबंधित दो प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से 7 अंकों का एक प्रश्न करना होगा। (शब्द सीमा-200)

7. व्यावहारिक व्याकरण अंक : 15

   (क) समाकृति भिन्नार्थक शब्द-युग्म (चार में से तीन) अंक : 3

   (ख) स्वर संधि एवं व्यंजन सन्धि अंक : 3

   (ग) सन्धि-विच्छेद (केवल व्यावहारिक) (चार में से तीन) अंक : 3

   (घ) वाक्य शोधन (चार में से तीन) अंक : 3

   (ङ) विराम चिह्न अंक : 3

8. तकनीकी शब्दावली (केवल प्रशासनिक शब्दावली) अंक : 10

   15 में से 10 का उत्तर देना होगा।

आंतरिक मूल्यांकन : अंक : 10

amitbookdepot.com